तापमान
अधिकतम 26.7 डिग्री
न्यूनतम 4.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

12 रोटरी क्लब ने 80 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



12 नाहरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक का उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### घरेलू हिंसा के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** आपरेशन हाट स्पाट डोमिनेशन के तहत पीओ/बेलजम्परों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान महिला थाना नारायणगढ के अन्तर्गत दर्ज मामले में वांछित आरोपी रमेश कुमार निवासी गावँ तेपला जिला पटियाला पंजाब को यायालय द्वारा पीओ/बेलजम्पर घोषित किया गया था। 06 दिसम्बर को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### रिश्ता तोड़ना लड़का पक्ष को पड़ा भारी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** सगाई करने के बाद रिश्ता तोड़ना लड़के पक्ष के लोगों को भारी पड़ गया। जगाधरी की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी 22 वर्षीय लड़की की जशन के साथ सगाई कर दी थी। इसके बाद आरोपी जशन, उसके पिता सुरेश कुमार, मां हरप्रीत कौर, संजीव उर्फ लाला तथा रमेश कुमार ने उन्हें बिना सूचित किया रिश्ता तोड़ दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### न्यूड वीडियो ब्लैकमेल मामले में 2 आरोपी काबू

**कैथल।** न्यूड वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल करके लाखों रुपये ऐंठने के मामले में थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा 2 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-18 निवासी एक व्यक्ति कि शिकायत अनुसार 6 जुलाई की रात उनके फेसबुक पर 'पिंकी शर्मा' नाम की लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उन्हें लगा कि कोई जानकार है, इसलिए उन्होंने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली।

### पंडित जगदीश चंद्र वत्स साहित्य संगोष्ठी आज

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कवि शिरोमणि पंडित जगदीश चंद्र वत्स साहित्य संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को सीआरएसयू में किया जाएगा। कार्यक्रम हरियाणा की सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर को समर्पित होगा। कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त महानिदेशक गजेन्द्र फोगाट, पद्मश्री अलंकृत महावीर गुड्डू, लोकगायक विकास के साथ-साथ शिक्षाजगत से जुड़े प्रबुद्ध जन भाग लेंगे।

### फर्जी पासपोर्ट बनवाने में सहयोग करने वाला काबू

**जींद।** अपराधिक मामलों में वांछित व्यक्ति द्वारा फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने के सहयोगी को अलेवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। स्पैशल टास्क फोर्स के अनुसंधान अधिकारी ने गत 28 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव नगूरां निवासी राकेश उर्फ मिढा के खिलाफ हत्या समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर महिला से हड़पे 16 लाख

■ चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर रेलवे कॉलोनी जगाधरी वर्कशॉप निवासी कनिष्का से 16 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप संजय, निर्मल, सतीश व सोमनाथ पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रेलवे कॉलोनी जगाधरी वर्कशॉप निवासी कनिष्क ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह प्रॉपर्टी खरीदना चाहती थी। गत मई माह में उसकी मुलाकात संजय, निर्मल, सतीश व सोमनाथ के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि उनकी गांधीनगर थाना क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी है। वह उसे बेचना चाहते हैं। आरोपियों ने उसे वह प्रॉपर्टी दिखाई। प्रॉपर्टी उसे पसंद आ गई। इसके बाद उसका आरोपियों से 16 लाख रुपये में प्रॉपर्टी का सौदा तय हो गया। उसने मई से 10 अक्टूबर तक आरोपियों को 16 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपियों ने प्रॉपर्टी उसके नाम नहीं करवाई। जब उसने आरोपियों से इस बारे बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

## रोडवेज बस की चपेट में आने से युवक की मौत

**इसराना।** गांव डाहर में आज सडक़ हादसे में 35 वर्षीय युवक मनजीत उर्फ डिंपी की मौत हो गई। युवक जीटी रोड पार कर रहा था, तभी हरियाणा रोडवेज की एक तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। मृतक मनजीत गांव डाहर का निवासी था। घटना दोपहर के समय हुई जब मनजीत अपने खेत में जाने के लिए घर से निकला था। गांव से निकलकर मनजीत जीटी रोड पर पहुंचा और सडक़ पार करने लगा। इसी दौरान पानीपत की तरफ से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस नंबर एचआर 02 जीवी 7610 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायल मनजीत को एक निजी वाहन से पानीपत के एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मनजीत को मृत घोषित कर दिया।

*शहर के विकास और बाढ़ प्रबंधन पर की चर्चा*

# अंबाला की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

**अंबाला।** अंबाला की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान मेयर के साथ उनके पति व मनोनीत पार्षद एडवोकेट संदीप सचदेवा भी मौजूद रहे। बैठक में शहर से जुड़े कई महत्वपूर्ण सामाजिक, प्रशासनिक और विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक का मुख्य फोकस बाढ़ प्रबंधन, स्वच्छता और नगर निगम सीमा में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर रहा। मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर के निचले इलाकों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष समय रहते अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का ही परिणाम है कि प्रदेश में बाढ़ की स्थिति सामान्य रही। मेयर ने बताया कि उन्हीं निर्देशों को आधार बनाकर अंबाला नगर निगम ने जल निकासी से जुड़े प्रबंध मजबूत किए, जिससे शहरवासियों को जलभराव से बड़ी राहत मिली। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान आश्वासन दिया कि बाढ़ प्रबंधन तंत्र को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आवश्यक तकनीकी सुधारों को जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए जाएंगे। स्वच्छता अभियान पर चर्चा करते हुए मेयर ने बताया कि नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक मशीनरी और अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक बताते हुए नगर निगम को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में शहर में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। मेयर ने बताया कि हाल ही में अंबाला शहर के 23,880 परिवारों



को स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरे की जमीन पर मालिकाना हक देने का काम पूरा किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही पूरे प्रदेश में स्वामित्व कार्ड बनाकर लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे। मेयर ने आग्रह किया कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत अंबाला से की जाए। इसके अलावा सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइटों के विस्तार और सार्वजनिक सुविधाओं को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अंबाला नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार शहर को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने के लिए हर स्तर पर सहयोग देती रहेगी।

# भाजपा जनता की मांगों को ध्यान में रखकर बना रही योजनाएं : सैनी


## उत्तरप्रदेश में भी भाजपा का कार्यकाल शानदार रहा

*उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने गांव खुर्दबन में भाजपा मंडल के महामंत्री सतीश सैनी की बेटी के शादी समारोह में की शिरकत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने रविवार को गांव खुर्दबन में भाजपा मंडल महामंत्री सतीश सैनी की बेटी के शादी समारोह में भाग लिया। राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने वर-वधु को अपना आशीर्वाद देकर उनके सुखद भविष्य की कामना की।

उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार सरकार का गठन करना काबिले तारीफ है। हरियाणा में भाजपा सरकार जनता की मांगों को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रही है। वहीं उन योजनाओं का सीधा लाभ आम आदमी को हो रहा है। इसलिए जनता भी भाजपा पार्टी को पूरा समर्थन देकर सरकार बनाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को 2100 रुपये की राशि देकर महिलाओं का सम्मान करने का काम किया है। उत्तरप्रदेश में भी भाजपा पार्टी का कार्यकाल शानदार रहा है। आने वाले चुनावों में भाजपा पार्टी पंजाब व उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी।



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के गांव खुर्दबन में वर-वधु को आर्शीवाद देते राजमंत्री जसवंत सैनी व अन्य।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कांबोज, संदीप सैनी, लाभ सिंह, हैप्पी खेडी, सरपंच देवेंद्र सिंह, दीपक सैनी, बिंदर सैनी, राजेंद्र सैनी, राजकुमार शर्मा, गुरनाम सैनी, अजय सैनी, सन्नी सैनी, सुभाष सैनी, सरपंच अमन सैनी, सूरज सैनी, विक्रम वाल्मीकि, महेंद्र चानना आदि मौजूद रहे।*

*अंबाला में जल संरक्षण की शुरुआत*

# पूर्व मंत्री गोयल ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग वैल के निर्माण का किया शुभारंभ

**अंबाला।** अंबाला शहर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने आज केपीएके महाविद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग वैल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन सादगीपूर्ण तरीके से किया गया, जिसमें महाविद्यालय प्रबंधन, शिक्षक और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे असीम गोयल का कॉलेज प्रबंधन की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रेन वाटर हार्वेस्टिंग वैल के निर्माण का शुभारंभ किया और इसे पर्यावरण संरक्षण तथा जल प्रबंधन की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया। असीम गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

यदि अभी से प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले समय में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग न केवल भूजल स्तर बढ़ाने में सहायक है, बल्कि शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को भी काफी हद तक कम करती है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष निर्देश जारी किए कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों में—जहां भी बड़े स्तर पर मरम्मत या इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्य होने हैं—वहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सोलर पावर सिस्टम को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और ऊर्जा व जल के बेहतर प्रबंधन का संदेश भी जाएगा। कार्यक्रम में समाजसेवी अनुभव अग्रवाल, योगी दिनेश जिंदल, संजीव गोयल, स्कूल प्रिंसिपल रेखा गोयल, सौरभ गुप्ता, अभिषेक मोंटी, प्रशांत सोबती समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सभी ने जल संरक्षण के लिए उठाए गए इस कदम की सराहना की और इसे अंबाला के लिए एक सकारात्मक पहल बताया।



**अंबाला।** निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल।

# जिला स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन

**पानीपत।** कन्या स्कूल खेल मैदान गांव मनाना में जिला खो खो संघ पानीपत द्वारा सीनियर जिला स्तरीय महिला एवं पुरुषों की खो खो चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिला से गांव मानना, बलाना, आटा, सुताना, खोजकीपुर, मछरौली, समालखा, मतरौली आदि गांव से 250 महिला एवं पुरुष खिलाडिय़ों ने भाग लिया। चयन समिति द्वारा 15 पुरुष और 15 महिला खिलाडिय़ों का चयन किया गया। चयनित महिला एवं पुरुष टीमें 12 से 14 दिसंबर को जिला झज्जर में आयोजित होने वाली 45वीं राज्य स्तरीय खो खो चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इस अवसर पर सरपंच रेखा देवी, प्रिंसिपल सरिता देवी, डीपी वीरेंद्र राठी, जिला खो खो संघ के महासचिव रविंद्र सैनी, जिला प्रधान नवीन सैनी, मुकेश कुमारी सह सचिव, सुशील सैनी उप प्रधान, खजांची रणदीप सिंह, सविता, मनीष, राहुल, सुखदेव शास्त्री आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** खो-खो में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ आयोजक व सरपंच।

# 2400 प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने हथिनी कुंड बैराज से दो युवकों को प्रतिबंधित दवाई के 2400 कैप्सूलों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई कुलदीप ने बताया कि वह टीम के साथ हथिनीकुंड बैराज के पास गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से दो युवक प्रतिबंधित कैप्सूल लेकर यमुनानगर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने हथिनी कुंड बैराज पर नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक बाइक पर दो युवक खाते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें शक के आधार पर रोक कर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से प्रतिबंधित दवाई के 2400 कैप्सूल बरामद हुए। सरकार द्वारा



# डांस प्रतियोगिता में सार्थक स्कूल की छात्राएं प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा फाउंडेशन ऑफ डेफ वुमन ट्रस्ट की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और महिलाओं के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इसके साथ ही पीएनबी बैंक के एजीएम जयपाल सैनी और गुंजन उपाध्याय ने भी विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी ने बच्चों को शुभकामना दी। ट्रस्ट की प्रधान गीता मलिक, उप प्रधान बबीता जैन, जनरल सेक्रेटरी मोनिका खुराना, निधि जैन और स्पोर्ट्स सेक्रेटरी प्रियंका सैनी ने अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान शादीशुदा महिलाओं का रैंप शो प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में 5 लड़कियों ने भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी। इसके साथ ही सार्थक बधिर विद्यालय की छात्राओं ने हरियाणवी और रोटरी स्कूल अम्बाला की छात्राओं का पंजाबी डांस की प्रस्तुति दी। सार्थक स्कूल की छात्राएं डांस में प्रथम व रोटरी स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यार्थियों के बीच मेहंदी, रंगोली व हेयर स्टाइल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** रैंप शो में शामिल महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## कुवि सांख्यिकी विभाग के तत्वावधान में स्मृतिगंध 2.0 का भव्य आयोजन

# कुवि एलुमनी विश्वविद्यालय के ब्रांड एम्बेसडर: प्रो. सचदेवा

■ सुनहरे दिनों को याद करते हुए भावपूर्ण अनुभव साझा किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्टैटिस्टिक्स एंड ऑपरेशंस रिसर्च विभाग द्वारा आयोजित एलुमनी मीट स्मृतिगंध 2.0 शानदार और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुई। इस भव्य आयोजन में यूएसए और चीन सहित देश विदेश से आए पूर्व छात्रों ने भाग लिया और विभाग के सुनहरे दिनों को याद करते हुए भावपूर्ण अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विभाग की यात्रा और उपलब्धियों को दशार्ने वाली एक शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई, जिसने सभी को पुराने समय की मधुर यादों में डूबा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय की सच्ची पहचान उसके एलुमनी होते वो विश्वविद्यालय के ब्रांड अम्बेसडर होते हैं। विश्विद्यालय का गौरव इस बात में है कि इसके विद्यार्थी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने यह भी कहा कि स्मृतिगंध 2.0 जैसे आयोजन केवल पुनर्मिलन नहीं, बल्कि ज्ञान, विचार और अनुभव के आदान प्रदान के मंच हैं। उम्मीद है कि एलुमनी भविष्य में भी विश्वविद्यालय के शोध और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. एम.एस. कादियान ने सभी का स्वागत करते हुए अपने आत्मीय संबोधन में कहा कि एलुमनी किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उनका अनुभव और मार्गदर्शन वर्तमान छात्रों के लिए अमूल्य है। हमारा उद्देश्य विभाग और अपने पूर्व छात्रों के बीच मजबूत संबंध बनाए रखना है। पूर्व छात्रों यूएसए से डॉ. परमजीत सिंह विर्क, चीन से प्रो. ब्रिज मोहन, आईएसएस मुकेश आहूजा ने ने अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव, तकनीकी कौशल और ग्लोबल मार्केट में बढ़ते अवसरों पर चर्चा की।




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के साथ कुवि एलुमनी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर प्रो. एलुमनी एसोसिएशन के निदेशक प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ गुरचरण सिंह,डॉ. जोरावर, डॉ. सत्यभूषण, संजय चौधरी, हरमुनीश तनेजा, नवदीप, अनुज, नीता, विजय, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।*

# बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगे 6.90 लाख रुपये

■ अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने गांव मिल्क सुखी निवासी परमजीत सिंह से लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी का फंड निकालने का झांसा देकर छह लाख 90 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव मिल्क सुखी निवासी परमजीत सिंह ने साइबर क्राइम थाना पुलिस दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी लाइफ इंश्योरेंस की पॉलिसी कार्रवाई हुई है। गत दो सितंबर को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। व्यक्ति ने खुद को लाइफ इंश्योरेंस का कर्मचारी बताया। आरोपी ने उसे कहा कि उसकी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी खत्म हो गई है। यदि वह इसका फंड निकलवाना चाहता है तो वह उसे जानकारी उपलब्ध करवा दे। इसके बाद साइबर ठगों ने उससे अकाउंट संबंधी जानकारी हासिल कर उसके अकाउंट से छह लाख 90 हजार रुपये निकाल लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### सस्वर वाचन प्रतियोगिता में छाए नन्हे विद्यार्थी

**तरावड़ी।** गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी में एलकेजी एवं यूकेजी वर्ग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की सस्वर वाचन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भाषा कौशल, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता तथा रचनात्मक सोच को विकसित करना था। विद्यालय परिसर पूरे दिन बच्चों की मधुर कविताओं, तालियों से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढकर एक कविताएं सुनाई। बच्चों का स्पष्ट उच्चारण, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता ने सभी शिक्षकों, अभिभावकों का मन मोह लिया।



### एनपीएन 2020 के तहत शिक्षकों दिया प्रशिक्षण

**तरावड़ी।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु स्कूल और बाहर से आए लगभग 60 शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक विकास सत्र आयोजित किया गया। स्कूल निदेशक डॉ राकेश शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर सत्र का शुभारंभ किया। इसके तुरंत बाद उप प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने स्कूल निदेशक, प्रधानाचार्या और रिसोर्स पर्सन दिलजीत कौर , हरलीन कौर का स्वागत किया। रिसोर्स पर्सन दिलजीत कौर और हरलीन कौर ने 21वीं सदी के कौशल और अनुभवात्मक शिक्षण पर शिक्षकों को गहन प्रशिक्षण दिया। सत्र की समाप्ति पर, धन्यवाद ज्ञापन किया गया और रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।



### डीएवी स्कूल ने बिबीपुर में हुआ 101 कुण्डीय यज्ञ

**करनाल।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल (इंद्री रोड) द्वारा ग्राम बिबीपुर में "नो–नशा नेशन" अभियान के तहत भव्य 101 कुण्डीय हवन का आयोजन किया गया। यह विशेष अभियान पूरे हरियाणा में एक साथ शुरू किया गया है ताकि समाज में नशामुक्ति की जागरूकता फैल सके। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. वी.के. चोपड़ा के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथि कमल सैनी, स्कूल प्रिंसिपल ममता पांडे और विद्यालय प्रबंधक राकेश संधू मंच पर उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा नो नशा नो नेशन विषय पर कविता पाठ और सोशल मीडिया के प्रभाव पर वाद–विवाद ने सभी का ध्यान खींचा। हवन में ग्रामवासियों, छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशामुक्त समाज का संकल्प लिया।

---

### सामाजिक समस्याएं और आध्यात्मिक ज्ञान पर सम्मेलन का आयोजन

# सकारात्मक सोच व्यक्तिगत रूप और समाज की बेहतरी के लिए जरूरी

**हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कार्यक्रम में दिया समाज सेवा का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा। कार्यक्रम में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।



घरौंडा। कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि सोच हमारे कर्म को निर्धारित करती है। अच्छी व सकारात्मक सोच का होना व्यक्तिगत रूप से भी और समाज के लिए भी जरूरी है। शांति संसाधनों अथवा सुविधाओं से नहीं बल्कि अच्छे कर्म करने से मिलती है। श्री कल्याण आज घरौंडा अनाज मंडी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सामाजिक समस्याएं, आध्यात्मिक ज्ञान विषय पर आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नन्ही बालिका अलिशा ने सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि ऐसे आयोजनों से जीवन में आगे बढने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की जैसी सोच होती है वैसे ही परिणाम मिलते हैं। सोच सकारात्मक हो तो कार्य भी उसी दिशा में आगे बढ़ता है। सोच हमारे कर्म को निर्धारित करती है। अच्छी व सकारात्मक सोच का होना व्यक्तिगत रूप से भी और समाज के लिए भी जरूरी है। भाग्यशाली हैं कि हमने उस भूमि पर जन्म लिया है जहां भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश समाज व मानवता को दिया। श्री कल्याण ने कहा कि जीवन व्यस्त जीवन में जब भी समय मिले, कोई भी ऐसा कार्यक्रम जो दिशा तय करने वाला हो, उसमें अवश्य शामिल होना चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील गर्ग ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में बीके रेणु, नीलोखड़ी से संगीता, सुमन, रेखा, श्रुति, डा. सतपाल, हैप्पी पसरीचा, रवींद्र आदि मौजूद रहे।

#### मन में समाज सेवा का भा जरूरी

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जीवन का लक्ष्य समाज व गरीबों की सेवा होना चाहिए। अच्छी सोच से अच्छा कर्म करते हुए जीवन को सार्थक बनाएं। शांति अच्छे कर्म से मिलती है। सुविधाओं व संसाधनों से कभी शांति नहीं मिल सकती। मिलकर सभी को इलाके की खुशहाली की चिंता करनी है। क्षेत्र को और ऊंचाइयों पर ले जाना है। सोच सकारात्मक रखें और वर्तमान में जियें-गीता इससे पहले राजयोगिनी बीके गीता दीदी ने कहा कि सोच को हमेशा सकारात्मक रखें। वर्तमान में जियें। भगवान को दोस्त बनाकर उससे अपनी समस्याएं बताएं। न अतीत की बातों को याद कर परेशान न हों, न भविष्य की चिंता करें। हर रोज कम से कम 15 मिनट ध्यान के लिए निकालें।

#### समस्याएं हैं तो समाधान भी

राजयोगी बीके सूरज भाई ने कहा कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से जूझ रहा है। समस्याएं हैं तो उनका समाधान भी है। यह सत्य है कि विचारों को बदलने का संकल्प लेने से जीवन व संसार भी बदल जाएगा। हर संकल्प में सकारात्मक ऊर्जा होती है। इसमें आने वाले कल के निर्माण की शक्ति है। हम जो आज हैं वह बीते कल के संकल्पों का परिणाम है। मन के संकल्प कल के भविष्य का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि बातें बड़ी नहीं होती पर सोच-सोच कर उन्हें बड़ा बना देते हैं। बीके सूरज ने कहा कि मन में हर विचार से शक्ति पैदा होती है। खराब विचार से खराब, अच्छे विचार से अच्छी शक्ति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि खुशी आज मनुष्य के लिए महंगी हो गई है।

---



इंद्री। शिविर मे जांच करवाने पहुंचे मरीजों के साथ डाक्टर व आयोजक ।

### निफा, अर्पणा हस्पताल ने लगाया शिविर

# हेल्थ कैंप में 100 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

सामाजिक संस्था निफा, अर्पणा हस्पताल व सरस्वती विद्या मंदिर इंद्री के सौजन्य से दूसरा विशाल निःशुल्क आंख व सामान्य जांच शिविर का आयोजन श्री रविदास मंदिर इंद्री के प्रांगण में किया गया। इस मौके पर करीब 100 मरीजों की आंखों की जांच कर उनको उपचार विधि के बारे में बताया गया।

वहीं सामान्य जांच शिविर में भी मरीजों की जांच कर फ्री में दवाईयां दी गई। इस बारे में जानकारी देते हुए निफा के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा व आजीवन सदस्य ड़ा. सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि संत शिरोमणि गुरू रविदास मंदिर वाडर्.नंबर 9 में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक निःशुल्क नेत्र रोग व सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर का आयोजन निफा, अर्पणा हस्पताल मधुबन व सरस्वती विद्या मंदिर इंद्री के सहयोग से किया गया । उन्होंने बताया कि यह दूसरा निःशुःक जांच शिविर है और इससे पहले भी एक शिविर लगाया गया था। शिविर मे करीब 100 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई जिनमें से सात मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है जिनका अर्पणा हस्पताल में ले जाकर ऑपरेशन करवाया जाएगा। इस शिविर में अर्पणा हस्पताल के डा. जितेन्द्र यादव, ड़ा. यातिक व कोऑर्डिनेटर वीरभान ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर सरस्वती स्कूल के संचालक कृष्ण चौधरी, नपा चेयरमैन राकेश पाल, कर्णजीत सिंह व मास्टर बलराज सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

---

# खेलों में छाए नरसिंह स्कूल के विद्यार्थी

- विद्यालय अध्यक्ष मधु गुप्ता ने विभिन्न रंगों के गुब्बारे हवा में उड़ाकर खेलों को शुरू करने का इशारा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



घरौंडा। नरसिंह दास पब्लिक स्कूल बच्चों को ट्रॉफी प्रदान करते हुए स्कूल निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा व मधु गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

नरसिंह दास पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों का उत्साह व जोश देखते ही बनता था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात आइंस्टीन एडिसन, न्यूटन, गैलीलियो चारों सदन के विद्यार्थियों ने रैली निकाली। विद्यालय अध्यक्ष मधु गुप्ता ने मुख्य अतिथि तथा राजकुमार ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय अध्यक्ष मधु गुप्ता ने विभिन्न रंगों के गुब्बारे हवा में उड़ाकर खेलों को शुरू करने का इशारा किया। मंच का संचालन अध्यापिका सुनीता गाबा तथा अध्यापक अमित भाटिया ने किया। इस दौरान प्राथमिक विभाग के खेलों का आयोजन प्रथम दिवस पर किया गया जिसमें मेंढक रेस, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गेंद डालो दौड़ का आयोजन किया गया। दूसरे दिवस पर वरिष्ठ और वरिष्ठ माध्यमिक विभाग के बच्चों से भी विभिन्न खेल करवाए गए जिसमें 400 मीटर रेस, 800 मीटर रेस, बोरी दौड़, लंगड़ी टांग, टेबल जंप, लंबी कूद तथा रिले रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न खेलों में विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

---

### सड़क में गड्ढे बन रहे हादसों का कारण

**तरावड़ी।** शहर के अंडरपास से तरावड़ी थाना, आईटीआई व राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर जाने वाली सडक़ पर बने बड़े-बड़े गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों के लिये खतरा बने हुये है। शहर के लोगों के जीवन को भी खतरे में डाल रहे हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डोडवा कॉलोनी के रहने वाले कृष्ण बाजवा, चमन लाल, जगशेर सिंह, बहादुर सिंह का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बरसात के मौसम में ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे इसका अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है और खतरा और भी बढ़ जाता है। जिसके कारण वाहन चालकों को सफर करने में परेशानी हो रही है।

---

# भाजपा सरकार ने ही किया योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू : हरविंद्र

- तरावड़ी अनाज मंडी के उप-प्रधान के बेटे की शादी समारोह में पहुंची राजनीतिक हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। मंडी के उप-प्रधान सुल्तान सोहलो के बेटे की शादी में पहुंचे विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण एवं अन्य राजनीतिक हस्तियां। *फोटो : हरिभूमि*

विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने ही योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू किया है। पूरे प्रदेश में योजनाएं धरातल पर लोगों की जिंदगी में बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के कल्याण के बारे में सोचकर योजनाएं लागू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में रिकार्ड तोड़ विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण तरावड़ी में अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के उप-प्रधान सुल्तान सोहलो के पुत्र रजनीश चौधरी व नीलोखेड़ी के डी.एस.पी. महावीर की बेटी अंजली चौहान के पारंपरिक विवाह समारोह में बधाई देने के लिए पहुंचे थे। समारोह में प्रदेशभर की कई प्रतिष्ठित राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों के साथ-साथ स्थानीय गणमान्य लोग, समाजसेवी और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की भी भारी उपस्थिति रही। विवाह समारोह में विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मार्केट कमेटी तरावड़ी के चेयरमैन रणदीप चौधरी, नीलोखेड़ी चेयरमैन शिवनाथ कपूर, पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा, कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य ललित बुटाना आदि शामिल हुए।

---



### भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर भक्तों ने भजनों से बांधा समां

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर–8 में शिव स्तुति, पंचामृत स्नान और भव्य अभिषेक का आयोजन हुआ। दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया और भक्तों ने बेलपत्र, तुलसी, गुलाल और फल अर्पित किए। पूजन कार्य पंडित अनिल द्विवेदी ने विधिविधान से करवाया। कार्यक्रम के दौरान अनु व कपिल खट्टर ने अपनी शादी की वर्षगांठ भोलेनाथ के चरणों में मनाई। सुशील मदान, अनु खट्टर और संगीता बत्रा द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भक्तों ने "गोविंद चले आओ", "इतनी कृपा कर दो भोले बाबा" जैसे भजनों के साथ जयकारे लगाए और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से भर उठा। इस अवसर पर रविंद्र बत्रा, वेद दुआ, अशोक मदान, सर्वेश, संतोष, संजय ढींगरा, सुनैना, नीरज कपूर, दिलीप गांधी, मुरारी बत्रा व चंद्र बत्रा मौजूद रहे।

---

# मिड डे मील वर्कर्स ने मंत्री कार्यालय का घेराव किया, 26,000 वेतन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मिड डे मील वर्कर्स ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार से उन्हें पक्का कर्मचारी घोषित करने तथा 26,000 रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा, सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, यूनियन राज्य सचिव शरबती देवी, सुनीता, लाल देवी, ओम प्रकाश माटा, कोषाध्यक्ष सत्यवान सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देशभर में 25 लाख, जबकि हरियाणा में 30 हजार मिड डे मील वर्कर्स हैं जो वर्षों से स्कूलों में भोजन बनाकर सेवा दे रहे हैं, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने 11 वर्ष में एक रुपये की भी बढ़ोतरी नहीं की। नेताओं ने याद दिलाया कि 45वें श्रम सम्मेलन में मिड डे मील वर्कर्स को कर्मचारी घोषित करने व सामाजिक सुरक्षा देने पर सहमति बनी थी, परंतु सरकार ने लागू नहीं किया। उन्होंने 26,000 रुपये न्यूनतम वेतन, 12 माह वेतन, पक्का रोजगार और सेवानिवृत्ति पर 3 लाख रुपये देने की मांग दोहराई। सभा को सुनील दत्त, सतीश सेठी, सतपाल सैनी, बिजनेश राणा, सुशील गुज्जर, निर्मला, रोशनी, ललिता आदि ने संबोधित किया।

---



### आर्य युवा समाज के निर्देशन में हुआ भव्य आयोजन

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय, करनाल में शनिवार को आर्य युवा समाज के निर्देशन में आर्य युवती परिषद, नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ और छात्रावास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 100 कुण्डीय हवन और नशा-मुक्त जीवन शपथ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कपिल अत्रेजा, सदस्य हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन, और विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष अत्रेजा, पूर्व महासचिव चाइल्ड वेलफेयर काउंसिल हरियाणा, उपस्थित रहीं। प्राचार्या मीनू शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और पौधा भेंट किया। उन्होंने कहा कि "नो नशा नेशन के संदेश के साथ आयोजित यह आयोजन छात्राओं और समाज में सकारात्मक सोच, नैतिकता और जागरूकता बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है। कपिल अत्रेजा ने युवाओं को नशा छोड़कर उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी।

---



### अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर समरसता का संदेश

**करनाल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस जिले में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कांग्रेस सेवादल की टीम ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और समाज को समरसता व समानता का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा और ग्रामीण जिला प्रधान मदन राणा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे और उन्होंने संविधान के माध्यम से देश की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि यह धारणा गलत है कि डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के नेता थे; वे सभी वर्गों के अधिकारों और समानता के संरक्षक थे। प्रदेश महासचिव जसबीर पन्नु और प्रदेश सचिव गुरविंद्र कौर ने कहा कि जब आजादी की लड़ाई जोरों पर थी, अंग्रेजों ने डॉ. अंबेडकर को अलग देश देने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने साफ शब्दों में कहा था कि वे भारत माता के सिपाही हैं और भारत का विभाजन किसी भी हाल में नहीं होने देंगे। इस अवसर पर हरदीप कौर, सुनीता रानी, बलजीत चौहान, जयनारायण, जितेंद्र पांचाल, दीपक चौधरी, गुरमीत सिंह, ईशम सिंह, वीरेंद्र कुमार, साहिल कुमार, सुनील शर्मा, प्रवीण पुनिया, नितिन कुमार, रणधीर नरवाल सहित कई पदाधिकारी व सेवादल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### सारस्वत ब्राह्मण सभा के राजेश बने प्रधान

**करनाल।** सारस्वत ब्राह्मण सभा सेक्टर–8 की बैठक सचिव बलविंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें सभा की गतिविधियों को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से राजेश कुमार शर्मा को आगामी डेढ़ वर्ष के लिए प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इससे पहले अशोक बतूरा प्रधान पद संभाल रहे थे जिनका कार्यकाल अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ था। नवनियुक्त प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि वे सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगे और सभा के कार्यक्रमों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाएंगे। बैठक में सुभाष शर्मा, शामलाल शर्मा, एसपी शर्मा, पंकज बनोट, आकाश अत्री, गुरचरण लखनपाल, शिव कुमार शर्मा, तिलकराज बतूरा, विक्रांत शर्मा, अमन शर्मा, मुनीष शर्मा, परमजीत लखनपाल, मित्रसेन, विपिन शर्मा आदि रहे।

---

### डीएवी महिला महाविद्यालय में हुआ 100 कुण्डीय यज्ञ

# विद्यार्थियों ने ली नशा-मुक्त जीवन की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में छात्रों के साथ विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और स्कूल स्टाफ।

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन ने आर्य युवा समाज के तत्वावधान में गांव ऊंचा समाना स्थित शिव मंदिर में 100 कुण्डीय वैदिक हवन और नशा-मुक्ति रैली का आयोजन किया। हवन का संचालन आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और भविष्य को नष्ट कर देता है। युवाओं को खेल, शिक्षा एवं रुचि आधारित गतिविधियों में मन लगाकर आगे बढ़ना चाहिए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, हरियाणा पुलिस और डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे नशा-मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों, अध्यापकों और कर्मचारियों ने 'नो नशा–नेशन' रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशा-विरोधी नारे लगाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अभियान में डीएसपी गीतिका जाखड़, हरियाणा पुलिस के दीपक और मोहित भी शामिल हुए।

#### जारी रहेंगे कार्यक्रम

प्रधानाचार्य संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर कमेटी और ग्रामीणों का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा। उधर, दादुपुर गांव में भी 100 कुण्डीय वैदिक हवन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य अरुण वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भजन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

**खबर संक्षेप**



पानीपत। गांव आसन कलां में ग्रामीणों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाते डीएवी के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


## डीएवी ने गांव आसन कलां में चलाया नशा मुक्ति अभियान

**पानीपत।** डीएवी कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान पद्मश्री डॉ.पूनम सूरी की प्रेरणा से आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में व आर्य युवा समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर सभी डीएवी विद्यालय एवं महाविद्यालय में मिलकर नशा मुक्त भारत बनाने का अभियान चला रहे हैं। इसका शुभारंभ आज किया गया। डीएवी शिक्षण संस्थान के सभी विद्यालय व महाविद्यालय मिलकर विभिन्न स्थानों पर सौ-सौ कुंडीय यज्ञ कर रहे हैं तथा लघुनाटिका के माध्यम से समाज में लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करते हुए सचेत कर रहे हैं। डीएवी स्कूल थर्मल कॉलोनी के द्वारा गांव आसन कलां में बाबा बालक नाथ मंदिर के प्रांगण में 100 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। डीएवी थर्मल के स्वयंसेवकों द्वारा 500 बच्चों, अभिभावकों व आसन कलां गांव के ग्रामवासियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। गांव के सरपंच जोगिंदर सिंह ने कहा कि डीएवी स्कूल सच्चे अर्थों में शिक्षा के साथ सामाजिक जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। वहीं सुपरवाइजर नीलम अरोड़ा ने सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों का धन्यवाद किया।

### गांव सुताना में 101 कुंडीय हवन का आयोजन

# योगी सूरी के नशामुक्त भारत अभियान में सहयोग दें : ढांडा

**कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री हरियाणा महीपाल ढांडा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की**



पानीपत। गांव सुताना में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के सौजन्य से नो नशा नेशन अभियान योगी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आर्य युवा समाज के नेतृत्व में आज गांव सुताना में आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय मुहिम की अध्यक्षता योगी सूरी राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य युवा समाज द्वारा की जा रही है। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री हरियाणा महीपाल ढांडा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

विशिष्ट अतिथि मेयर कोमल सैनी, डीईओ राकेश बूरा,डीएसपी सतीश वत्स, सरपंच सुताना सोनू कुमार, हरिपाल कादियान सरपंच जाटल,मदन लाल सरपंच भादड़, पवन बंसल अध्यक्ष वैदिक परिवार, डॉ.राजवीर आर्य सचिव वैदिक परिवार, सुरेंद्र कुमार प्रधान आर्य समाज, व सतपाल जांगड़ा, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे। स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों से नशे के दुष्प्रभाव के बारे में प्रश्नोत्तरी की एवं नशे से जीवन में पड़ने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया।

वहीं मुख्यातिथि महीपाल ढांडा ने बच्चों द्वारा दी गई सभी प्रस्तुतियों की सराहना की एवं जनता से अपील की कि योगी सूरी राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य युवा समाज ने जो समाज से नशे की बुराई का उन्मूलन करने के लिए यह कदम उठाया है। इस कदम में हमें उनका सहयोगी बनना है। यह अभियान समाज, विद्यालय एवं युवाओं के सामूहिक सहयोग का प्रतीक है। जिसका उद्देश्य आने वाली पीढियों को नशा मुक्त कर सशक्त बनाना है।

### डीएवी स्कूल समालखा में 101 कुंडीय हवन एवं नो नशा नेशन रैली आयोजित

पानीपत। योगी सूरी के निर्देशन में आज डीएवी सेकेंडरी पब्लिक स्कूल समालखा के तत्वावधान में किवाना स्थित शिव मंदिर परिसर में 101 कुंडीय हवन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नो नशा नेशन कैंपेन के अंतर्गत समाज को नशा.मुक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। हवन यज्ञ में अनेक सम्मानित अतिथि, समाजसेवी, अभिभावक, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वेद मंत्रों के सामूहिक उच्चारण और यज्ञाग्नि में दी गई आहुतियों से संपूर्ण वातावरण शुद्ध एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में किवाना के सरपंच चेनपाल, नीरज, सत्यवीर गुप्ता, प्रदीप, मा.रामबिलास आदि मौजूद रहे। वहीं हवन उपरांत जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहो, नशा हटाना है भारत बचाना है जैसे नारों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने उपस्थित सभी अतिथियों व सहयोगियों आभार प्रकट किया।



पानीपत। डीएवी स्कूल समालखा में 101 कुंडीय हवन में भाग लेते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि



पानीपत। कृत्रिम अंग वितरण शिविर में दिव्यांगों को बांटे गए यंत्रों व पात्रों के साथ अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

# ऐसे नेक कार्य मानवता के लिए मिशाल : हरपाल ढांडा

- तीन दिवसीय दिव्यांग कृत्रिम अंग वितरण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

गत तीन दिन से चल रहे जीटी रोड पर डेरा बाबा जोध सचियार गुरुद्वारे में आज शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं यहां पहुंचने पर हरपाल ढांडा समेत अन्य अतिथियों का भी आयोजकों द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। हरपाल ढांडा ने कहा नर सेवा नारायण सेवा है। पूरे पानीपत के आसपास के कई लोगों ने इस सेवा का लाभ लिया। सेवा के ऐसे कार्य प्रति वर्ष होते रहने चाहिए। आयोजक समिति से संदीप कौशिक एवं सुरेश काबरा ने बताया कि तीन दिन में लगभग 700 लोगों ने इस सेवा का लाभ लिया है। प्रति वर्ष इस तरह के आयोजन को करते रहेंगे। साथ ही उन सभी संस्थाओं का एवं समाज सेवी लोगों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस कार्य में योगदान दिया। कार्यक्रम में महापौर कोमल सैनी, दिनेश सैनी, डीईओ राकेश बूरा भी समापन समारोह में पहुंचे और कहा कि पानीपत में इस तरह के कैंप लगते हमने नहीं देखें। जिसमें चंद घंटों में कृत्रिम अंग लगाकर लोगों की असली जरूरत को पूरा किया जाता हो। संदीप कौशिक व सुरेश काबरा ने बताया कि शिविर में लगभग 250 से अधिक रिक्शा और व्हील चेयर दी गई। साथ ही पैर, हाथ, कान की मशीन, वॉकर, कैलिपर, छड़ी इत्यादि कई उपकरण भी दिये गए। शिविर में पहुंचे एक दिव्यांग ने बताया कि मेरे को पैर लग गया, अब वह चलने लग गया है तथा अपनी रोजी रोटी कमाने लायक हो गया है।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में पार्षद नवल जिंदल, विनोद खंडेलवाल,हरि ओम तायल, संजय गर्ग, राजीव गर्ग, सतबीर गोयल, राजीव जैन, विकास गोयल, मदन मोहन भयाना, ईश्वर अग्रवाल, रमेश माटा, बीके अंजना, अंकुश बंसल, राकेश भार्गव, जसपाल भयाना, राकेश भयाना, पीडी चौधरी, कृष्ण रेवड़ी, अमृत वर्मा, महेंद्र कंसल, नरेश आचार्य, बलदेव खुराना, मा. मुकेश बॉस, अनिल रोहिल्ला व नमन आदि मौजूद रहे।

# परिवर्तन से संसार एक ऐसा विषय है जो जीवन के हर पहलू में दिखाई देता है : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

सेक्टर 25 ब्रह्माकुमारी सेंटर द्वारा गौरी मंडपम हॉल में प्रोग्राम किया गया। जिसका विषय था संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन। मुख्य अतिथि मेयर कोमल सैनी ने शुभकामनाएं दी। सेक्टर 25 सेंटर की संचालिका बीके अंजना ने मंच संचालन किया। बीके प्रमोद दीदी सोनीपत सेंटर संचालिका ने विषय के बारे में बताते हुए कहा की परिवर्तन से संसार एक ऐसा विषय है जो हमें जीवन के हर पहलू में दिखाई देता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो हमें आगे बढने और नए अवसरों को प्राप्त करने में मदद करता है। परिवर्तन के बिना जीवन स्थिर और बेरोजगार हो जाएगा। यह हमें नए विचारों और दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करता है। प्रोग्राम में उपलक्ष्य में सभी अतिथियों ने मिलकर केक कटिंग की। हरिओम तायल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, हरपाल ढांडा, राकेश बूरा, गजेंद्र सलूजा, ईश राणा, शंभू लखीना, साहब सिंह रंगा, रमेश माटा, सतीश शर्मा, राकेश वर्मा, अमित नारंग, मुकेश मास्टर आदि ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सोनिया, श्वेता, राज, प्रोमिला, रविन्द्र, चंद्रपाल, रितु, पूजा, सुमन, आशा, शिवा, कन्नू भंडारी आदि मौजूद रहे।

# डीजीपी को नशे के व्यापार से अवगत कराएगी समिति : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

नशा मुक्ति समाज सुधार समिति की एक बैठक महादेव कॉलोनी में हुई। जिसकी अध्यक्षता भोपाल राठी ने की। समिति के प्रधान राजकुमार राणा ने कहा है कि हमारी समिति वर्षों से बाहरी कॉलोनी में लोगों को नशे के प्रति जागरुक कर रही है। उन्होंने युवाओं को आवाहन किया है कि आप लोग नशे से दूर रहें क्योंकि बाहरी कॉलोनी में अफीम, चरस और गांजा बेचने वाले गली गली घूम रहे हैं। प्रशासन का कोई भी सहयोग नहीं मिल रहा है। यह हालात तो तब है जब प्रदेश के डीजीपी के नशा तस्करों पर सख्त व शीघ्र कार्रवाही के आदेश हैं। इस अवसर पर मनोज गर्ग, रतन, दीपक सेन, बदन सिंह यादव, राज बहादुर, अमन, हरीश ओबेरॉय, सुरेंद्र सैनी, रामपाल सैनी, लाल सिंह व मनोज आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। नशा मुक्ति समाज सुधार समिति की एक बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

*सेवा समारोह में समाजसेवी अमित डूडेजा मुख्य अतिथि रहे*

# जन सेवा दल ने जरूरतमंदों को दिसंबर का राशन बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। जरूरतमंदों को राशन वितरित करते अतिथि व आयोजक । फोटो : हरिभूमि

जन सेवा दल के मासिक राशन वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिसंबर माह का सभी जरूरतमंद कार्डधारकों को सत्संग, भजन व भंडारा उपरांत राशन प्रदान किया गया। सेवा समारोह में समाजसेवी अमित डूडेजा मुख्य अतिथि रहे। वहीं मंच से मुख्य प्रवक्ता कृपाल आश्रम से पधारे राजेंद्र रतन जी ने जीवन की सार्थकता के बारे सत्संग के आदर्श मार्ग को अपनाने का प्रवचन दिया। श्री ब्रह्मऋषि जी ने सत्संग में उच्चारित भावों को श्रवण करने व जीवन में धारण करने का प्रयास करने का संदेश दिया। जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी ने पुनः घोषित किया कि निर्धन परिवार अपने निजी प्रयास से अपनी कन्या या पुत्र का रिश्ता तय कर आधार कार्ड सहित यदि सहयोग हेतु जनसेवादल को आवेदन करता है तो आवश्यक जानकारी के पश्चात उनके विवाह कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था जनसेवादल करेगा।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर राजू कथूरिया, श्यामलाल खूँगर, अशोक अरोरा, यश बांगा, मंच संचालक सूर सम्राट लेखराज जताना, किशोर गोस्वामी, कमल गुलाटी, अशोक मिगलानी, प्रेम खुराना, सूरज भान फौजी, राकेश गांधी, योगेश शर्मा, ओम प्रकाश राजपाल आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। जुलाना रैली के लिए रवाना होते शेरसिंह खर्ब, सचिन चंदौली व अन्य ।

### जजपा की रैली तोड़ेगी रिकार्ड : शेरसिंह खर्ब

**पानीपत।** जजपा के स्थापना दिवस पर जींद के जुलाना में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में शामिल होने के लिए पानीपत से पार्टी कार्यकर्ता आज काफिले के साथ जजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट शेरसिंह खर्ब व जजपा के युवा प्रदेश सचिव सचिन चंदौली के नेतृत्व में रवाना हुआ। यहां काफिले को हरी झंड़ी दिखाते हुए शेरसिंह खर्ब व सचिन चंदौली ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व.ताऊ देवीलाल के पदचिन्हों पर चलते हुए जजपा प्रदेश की जनता की भलाई के लिए संकलपबंद्ध है। शेरसिंह खर्ब एडवोकेट ने दावा किया की जुलाना की जजपा की रैली आज तक की हरियाणा के सबसे बड़ी रैली होगी। जजपा इस रैली के माध्यम से अपने ही पुराने रिकार्ड को तोड़ने का काम करेगी। इस अवसर पर जितेद्र खर्ब, भगत सिंह, नीकित पंवार, सुरेंद्र ठेकेदार, कर्मबीर, विक्की खर्ब, रोकी खर्ब, रामफल ठेकेदार, बिल्लू, चिराग एडवोकेट आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# वाइस चेयरमैन टीपू पौड़िया का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। गांव निम्बरी में मंचासीन टीपू पौडिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के निम्बरी गांव में आज फार्मासिस्टों और केमिस्ट समुदाय ने हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसिल के वाइस चेयरमैन टीपू पौड़िया का स्वागत किया। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट, केमिस्ट, युवा और गांव के मौजीज लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुमित मलिक ने किया। टीपू पौडिय़ा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नशामुक्त हरियाणा मुहिम की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की दूरदर्शी सोच और जनहित से जुड़े फैसलों के चलते अब फार्मेसी काउंसिल को भी इस सामाजिक मुहिम का महत्वपूर्ण सहयोगी बनाया गया है ताकि नशे के विरुद्ध जागरूकता और नियंत्रण को फील्ड स्तर पर मजबूत किया जा सके। इस मौके पर विनोद वर्मा, प्रमोद नैन, विशाल देशवाल, सहदेव शर्मा, भरत अरोड़ा, नितिन, सोनू, रमन, फरमान, सुनील, विकास व अमित आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को होम वर्क दें अध्यापक : राकेश बूरा

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। सभी स्कूलों में अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर चेक किये गए। राजकीय प्राथमिक पाठशाला बुढ़शाम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारायणा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वजीरपुर टिटाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांडी और राजकीय हाई स्कूल पूठर आदि स्कूलों में बच्चों की नोटबुक चैक की और हर रोज दिए जाने वाले होमवर्क के बारे में बच्चों से जानकारी प्राप्त की। बच्चों से सामान्य जानकारी के प्रश्न पूछे गए। बच्चों को एनएमएसएस, मिशन बुनियाद और सुपर 100 जैसी प्रतियोगिताओं में नामांकन करने, हर प्रकार की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने और सफलता के गुण बताए गए। गणित ओलीम्पीएड की विस्तृत रूप से चर्चा की। डीईओ राकेश बूरा ने जिले के सभी अध्यापकों से अपील की कि सभी बच्चों को होमवर्क दें और हर रोज चैक करें।



नानीपत। स्कूलों का औचक निरीक्षण करते डीईओ राकेश बूरा। फोटो : हरिभूमि

# रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सावन कृपाल रूहानी मिशन की शाखा संत राजेंद्र आश्रम असंध रोड पानीपत आश्रम में कृपाल आश्रम हिसार से आए अश्विनी गुंबर ने संत राजेंद्र सिंह जी महाराज जी की तालीम से अवगत कराते हुए बताया कि दर्दे दिल के वास्ते पैदा किया इंसान को,वरना ताहत के लिए कुछ कम न थी करोबिया। खुदा ने इंसान को प्यार के लिए, दूसरों का दर्द महसूस करने के लिए बनाया है अन्यथा उसकी स्तुति के लिए तो देवता ही काफी थे। सच्चा और सदाचारी जीवन इन सब गुणो से ऊपर है। मनुष्य को सर्वप्रथम अपने प्रति सच्चा बनना चाहिए। प्रतिदिन भजन सिमरन ने करने वाले सदा मुश्किल में रहते हैं वह नित्य विषय भोगों की लहरों पर बहा करते हैं। भजन सिमरन के अभ्यास से आत्म शुद्धि में अवश्य मदद मिलती है। सिविल हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम डॉक्टर रजत ने राजेंद्र आश्रम में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। वहीं प्रधान सुमित्रा ने गुरूओं के जन्मदिवस की खुशी में सबको बधाई दी और कहा कि हमें सतगुरु के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। उप प्रधान पुनीत बजाज ने कहा कि महाराज जी सत्संग में हमें समझाते हैं कि हमें निष्काम सेवा करनी चाहिए। रक्तदान करने से आप किसी की जान को बचा सकते हैं।

**कार्रवाई** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत पानीपत पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पुलिस ने एक ही दिन में आठ आरोपी पकड़े

- *आरोपियों के कब्जे से 29 बोतल अवैध शराब व जुआ में दाव पर लगी 1870 रुपये की नगदी बरामद की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा पुलिस के ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत पानीपत पुलिस ने शनिवार को अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की विभिन्न टीमों ने चिन्हित किए हॉट स्पॉट्स पर व्यापक रूप से निगरानी रख अलग अलग स्थान से 3 युवकों को अवैध रूप से शराब बेचते, एक स्थान पर जुआ खेलते तीन युवकों को व एक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग करते मिले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 29 बोतल अवैध शराब व जुआ में दाव पर लगी 1870 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट व गेम्बलिग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई गई।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सनौली पुलिस ने नन्हेडा गांव के नजदीक यमुना बांध के पास बने कोठड़े में अवैध रूप से शराब बेच रहे बापौली गांव निवासी महेंद्र पुत्र आसाराम को 11 बौतल अवैध शराब के साथ, समालखा चौकी पुलिस ने एचएसआईडीसी क्षेत्र में बुड़शाम गांव निवासी बंसीलाल पुत्र रामधारी को 10 बोतल अवैध शराब के साथ, थाना समालखा पुलिस ने कमल भके पास परचून की दुकान में अवैध रूप से शराब बेच रहे सनौली खुर्द गांव निवासी अंकुश पुत्र मनोज को 8 बोतल अवैध शराब के साथ, आठ मरला चौकी पुलिस ने आजाद नगर फाटक के पास राज नगर में जुआ खेल रहे तीन युवकों मुखिजा कॉलोनी निवासी रोशन पुत्र रामचंद्र, खटीक बस्ती निवासी धनश्याम पुत्र रामभरोसे व आठ मरला जाटल रोड निवासी राहुल पुत्र किश्तु मुखिया को गिरफ्तार किया है।

**समाज में सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना है उद्देश्य**



वहीं पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज में सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना है। उन्होंने कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन निरंतर जारी रहेगा।

### शराब पीकर हुड़दंग कर रहे बिजेंद्र और तेजबीर गिरफ्तार

थर्मल चौकी पुलिस ने आसन कला गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग कर रहे शेरा गांव निवासी बिजेंद्र पुत्र सूरजभान व तेजबीर पुत्र रणधीर को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में मामले दर्ज कर कार्रवाही अमल में लाई गई है।

# सुधांशु महाराज के सानिध्य में सत्संग को लेकर बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। सत्संग को लेकर बैठक में भाग लेते विश्व जागृति मिशन के पदाधिकारी।

परम पूज्य सुधांशु जी महाराज के सानिध्य में आगामी 02 अप्रैल से 05 अप्रैल को सनातन संस्कृति जागरण अभियान एवं रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में एक विराट भक्ति सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा अंसल स्थित गुरु भाई उपप्रधान इंद्र चुघ के फार्म हाउस पर मंडल के सभी अधिकारी गण की मीटिंग का आयोजन किया गया। मंडल प्रधान डॉ.जगजीत आहूजा ने बताया कि इस प्रोग्राम में प्रमुख राजनैतिक नेता एवं प्रबुद्ध संत समाज को निमंत्रण दिया जाएगा और यह पानीपत में होने वाला एक भव्य और विशाल प्रोग्राम होगा। इसमें आस पास के शहरी तथा ग्रामीण एरिया से बहुत से भक्तजन शामिल होंगे।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस मीटिंग में हरियाणा प्रभारी आरएन रावल, संरक्षक पुरुषोत्तम शर्मा, प.हुकुमचन्द्र शास्त्री, कार्यकारी प्रधान यशपाल चौधरी, भीम डुडेजा, चुन्नीलाल चावला, राजेश सेठी, रमेश ढींगड़ा, रमेश आर्य, देसराज छाबड़ा, गणेश ठाकुर, कांता छाबड़ा व नीलम दत्ता आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग छात्रों को मिलेगा लाभ

**अंबाला।** जिला कल्याण अधिकारी शिशपाल महला ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा पंचकूला द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति (डीएनटी) के छात्रों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (पीएम यशस्वी घटक-ाा) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

### शहीद रामेश्वर स्कूल के प्रिंसिपल बने सुनील

**कुरुक्षेत्र।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजराना कलां में आज एक नए अध्याय की शुरूआत हुई, जब सुनील कौशिक ने औपचारिक रूप से प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, छात्रों के प्रतिनिधि और प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद थे। सुनील कौशिक शैक्षिक नेतृत्व के क्षेत्र में एक समृद्ध अनुभव वाले व्यक्ति हैं। इससे पहले, वह हसनपुरा स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शिक्षा के प्रति अपने जुनून और छात्रों की सफलता के लिए प्रतिबद्धता के साथ, उन्होंने शैक्षणिक उपलब्धि और समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

### छह जनवरी तक चलेगा अभियान : सीजेएम

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों व आम जन को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### छात्रों को सर्दी से बचने के लिए वितरित किए जूते

**उचाना।** भक्ति जागरण कलाकार साहिल शर्मा ने मंगलपुर के राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। शर्मा ने बताया कि भक्ति जागरण में मिलनी वाली राशि से निरंतर जनसेवा के कार्य किए जाते है। स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को सर्दी का मौसम देखते हुए जूते वितरित किए गए। निरंतर आने वाले दिनों में जूते सहित अन्य सर्दी से बचने के लिए जर्सियां जुराब वितरित की जाएगी।

### फर्जी पासपोर्ट बनवाने में सहयोग करने वाला काबू

**जींद।** अपराधिक मामलों में वांछित व्यक्ति द्वारा फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने के सहयोगी को अलेवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। स्पैशल टास्क फोर्स के अनुसंधान अधिकारी ने गत 28 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव नगूरां निवासी राकेश उर्फ मिढा के खिलाफ हत्या समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### आरटीआई कमिश्नर नीता खेड़ा व डॉ. बीरबल ने बच्चों को दिए सफलता के मंत्र

# रोटरी क्लब बराड़ा ने 80 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

*सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

रोटरी क्लब बराड़ा द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए अग्रवाल धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 80 मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक व रचनात्मक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आरटीआई कमिश्नर नीता खेड़ा और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सीएचसी बराड़ा के एएसएमओ डॉ. बीरबल ने शिरकत की। रोटरी क्लब बराड़ा के अध्यक्ष रोटेरियन हरपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सचिव राजेश धीमान, कोषाध्यक्ष पूर्ण छाबड़ा, प्रोजेक्ट चेयरमैन राजकुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिलप्रीत सिंह के अलावा उप प्रधान बलकार सिंह, राजकुमार सांगवान, साहिल वर्मा, इंद्रजीत सिंह, रघुबीर सिंह, साहिल शर्मा, गुणविंद्र सिंह, नवदीप कौर, निवेदिता भारद्वाज, गेमल दहिया, बृजेश कपिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत से हुई। क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब बराड़ा द्वारा प्रत्येक वर्ष मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें निरंतर उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है और रोटरी क्लब इसी दिशा में सेवा कार्य जारी रखे हुए है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि नीता खेड़ा ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा प्रतिभा किसी एक अवसर की मोहताज नहीं होती। यदि संकल्प और लगन मजबूत हो, तो हर मंज़िल आसान हो जाती है। मैं उन सभी बच्चों को बधाई देती हूँ जिन्होंने परिश्रम और धैर्य के साथ यह उपलब्धि हासिल की।



बराड़ा। में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, प्रेरणा और समाजहित पर केंद्रित समारोह

नीता खेड़ा ने परिवारों और शिक्षकों से बच्चों को प्रोत्साहन देने और सकारात्मक वातावरण प्रदान करने की अपील की। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. बीरबल ने अपने संबोधन में कहा आज सम्मानित हो रहे बच्चे हमारे समाज का उज्ज्वल भविष्य हैं। इन्हें शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की समझ भी जरूरी है। कार्यक्रम में चयनित मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति–चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच से कुछ विद्यार्थियों ने अपनी सफलता की कहानियां और भविष्य के लक्ष्य भी साझा किए, जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सचिव राजेश धीमान ने सभी अतिथियों, उपस्थित गणमान्यों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाजहित के ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित करता रहेगा।

- मंच से कुछ विद्यार्थियों ने अपनी सफलता की कहानियां और भविष्य के लक्ष्य भी साझा किए, जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा।



बराड़ा। कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

## एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए मादक पदार्थों के मामलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए मादक पदार्थों के सम्बन्ध में पुलिस लाईन अम्बाला शहर में रखे गए मादक पदार्थो का फिजिकल दौरा कर चौक किया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री उतम आईपीएस, उप-पुलिस अधीक्षक क्राइम अम्बाला छावनी श्री विरेन्द्र कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी मौका पर उपस्थित रहे। कमेटी चेयरमैन पंकज नैन की देखरेख में कमेटी के सदस्यों द्वारा एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थ के 125 मामलों की (126) मदो को चौक किया जोकि दुरूस्त पाए गए।

### जल्द ही पदार्थ करेंगे डिस्पोज

125 मामलों की (126) मदो को चौक करने उपरान्त कमेटी की निगरानी में सीलबन्द किया गया। जल्द ही इन मामलों में जब्त मादक पदार्थो का डिस्पोज किया जाएगा। इन मामलों में चूरापोस्त के 16 मामलें जिसकी मात्रा 228 किलो 833 ग्राम, 01 मुकदमा आपियम प्लान्ट का है जिसमें 04 किलो 522 ग्राम, चरस के 09 मामलों में 10 किलो 148 ग्राम, गांजा के 19 मामलों में 90 किलो 565 ग्राम, हैरोइन के 50 मामलों में 02 किलो 448 ग्राम 926 मिलिग्राम, अफीम के 20 मामलों में 12 किलो 151 ग्राम 020 मिलिग्राम व नशीली दवाओं के 10 मामलों में 28345 गोलियाँ, 8840 कैप्सूल्ज है। जब्त किए गए 125 मामलों की जल्द ही तिथि घोषित होने उपरान्त इन मामलों का निपटान किया जाएगा।

## अवैध देसी पिस्टल सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आपरेशन हाट स्पाट डोमिनेशन के तहत अम्बाला पुलिस द्वारा थाना पडाव क्षेत्र मच्छोडा फाटक के पास अम्बाला छावनी से अवैध हथियारों की तस्करी मामले में 06 दिसम्बर 2025 को सीआईए-1 के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरविन्द्र सिहँ निवासी गावँ सम्भालखी थाना शाहबाद जिला कुरूक्षेत्र को अवैध देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार कर थाना पडाव में मामला दर्ज करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया। 06 दिसम्बर 2025 को सीआईए-1 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है।

### पुलिस ने आरोपी के से पूछताछ कर जांच शुरू की

पुलिस को सूचन मिली की आरोपी थाना पडाव क्षेत्र मच्छोडा फाटक अम्बाला छावनी के पास खडा है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-1 के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना पडाव क्षेत्र मच्छोडा फाटक अम्बाला छावनी के पास से खडे संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे अवैध देसी पिस्टल बरामद किया। आरोपी की पहचान गुरविन्द्र सिहं निवासी गावँ सम्भालखी थाना शाहबाद जिला कुरूक्षेत्र के रूप में हुई जिसे अवैध हथियार देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार कर थाना पडाव में मामला दर्ज किया गया।

## नगर पालिका प्रधान रजत मलिक ने वार्ड-4 में नई गली का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका बराड़ा के प्रधान रजत मलिक के नेतृत्व में शहर में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज वार्ड नंबर 4 में नई पक्की गली का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह गली चीमा फोटो स्टेट के घर से शुरू होकर मोनू कपूर, पोला राम के घर होते हुए करनाल कॉलोनी की मुख्य गली तक बनाए जाने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। वार्ड के पार्षद प्रवेश मेहंदी रत्ता की मौजूदगी में पूर्व पार्षद संदीप कुमार मोंटी ने नारियल फोड़कर गली का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वार्ड वासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पार्षद प्रवेश मेहंदी रत्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधान रजत मलिक के दिशा-निर्देशन में वार्ड में तेज़ी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह वार्ड की दूसरी गली है जो पूर्ण होकर जनता को समर्पित की गई है। "इसके अलावा पाँच अन्य गलियों का काम तेजी से चल रहा है, जो अगले एक सप्ताह में पूरा हो जाएगा," उन्होंने कहा। उन्होंने बराड़ा के हर वार्ड में गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधान रजत मलिक ने कहा कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



अंबाला। गली का उद्घाटन करते हुए प्रधान रजत मलिक।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग

### साध्वी मनीषी भारती ने आध्यात्मिक दिशा व जीवन की दशा के संबंध पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन भावपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री मनीषी भारती ने अपने प्रेरणादायक आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से जीवन को सरल, संतुलित और सार्थक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सूत्र प्रस्तुत किए। साध्वी मनीषी भारती ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य द्वारा चुनी गई दिशा ही उसके भविष्य की दशा निर्धारित करती है। उन्होंने समझाया कि यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन की दशा बदलना चाहता है, तो सर्वप्रथम उसे अपनी जीवन दिशा को परिवर्तित करना आवश्यक है। मनुष्य के विचार और कर्म जन्म से मृत्यु तक जिस दिशा में प्रवाहित होते हैं, वही उसके सुख-दुख का आधार बनते हैं। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति आज सुखी और समृद्ध है, उसने पूर्वकाल में अवश्य ही सही दिशा का चयन किया होगा। वहीं, जो लोग दुखी या कष्टग्रस्त हैं, उनकी वर्तमान दशा के लिए उनके ही पूर्व के दिशा चयन उत्तरदायी हैं। साध्वी जी ने कहा कि जीवन में किए गए सभी निर्णय मनुष्य के बौद्धिक स्तर पर आधारित होते हैं और आत्मिक चेतना ही इस बौद्धिक शक्ति को संचालित करती है।



अंबाला। धार्मिक कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए कथावाचक।

### सकारात्मक जीवन दिशा

साध्वी मनीषी भारती ने ब्रह्मज्ञान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान से जागृत आध्यात्मिक चेतना ही मनुष्य को सही दिशा चुनने में सक्षम बनाती है। उन्होंने बताया कि पूर्णतः जागृत सत्गुरु ही अपने तपोबल से साधारण मनुष्य को देवतुल्य बनाने की क्षमता रखते हैं। गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर सत्संग, सेवा, साधना और सुमिरन के मार्ग पर चलते हुए मनुष्य का विवेक जागृत होता है, जो उसे दृश्य और अदृश्य दोनों वास्तविकताओं का बोध कराता है।अंत में साध्वी जी ने समूची मानव जाति से सकारात्मक दिशा चुनने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिशा का चुनाव हमारे हाथ में है सकारात्मक दिशा हमें अनुकूल भविष्य देती है।

## डीएवी बराड़ा द्वारा 100 कुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन

- बच्चों और स्कूल स्टाफ ने दी 100 हवन कुंडों में डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नशा मुक्त राष्ट्र अभियान को मजबूत आधार देने के लिए डीएवी बराड़ा द्वारा 100 कुंडीय विशाल महायज्ञ का आयोजन माता बाला सुंदरी मंदिर परिसर, मुलाना में रविवार 7 दिसंबर को अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के प्रेरणादायक मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में आयोजित यह यज्ञ पूरे हरियाणा में एक साथ किए जा रहे कार्यक्रमों का हिस्सा रहा। इस पवित्र धार्मिक अनुष्ठान में विद्यालय के लगभग 100 बच्चों ने 100 कुंडों के समक्ष बैठकर वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां प्रदान कीं। वातावरण पवित्र अग्नि और मंत्रों की ध्वनि से भक्तिमय हो उठा। प्रत्येक आहुति नशामुक्त समाज की दिशा में एक दृढ़ संकल्प का प्रतीक रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा, सरपंच प्रवीण कुमार, मंदिर समिति प्रधान ईशम सिंह, उप प्रधान जयवीर राणा, सचिव रामनाथ, सदस्य अशोक राणा, रमेश सैनी, लाल दयालचंद, नरेश चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बच्चों के अभिभावक और विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ भी बड़ी संख्या में इस आयोजन का हिस्सा बना। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने बताया कि यह यज्ञ पूरे हरियाणा के डीएवी कॉलेजों और स्कूलों द्वारा एक ही दिन और एक ही समय पर आयोजित किया गया।



बराड़ा। 100 कुंडीय महायज्ञ में आहुति डालते हुए स्कूली बच्चे।

### युवाओं को नशा ले रहा चपेट में

प्राचार्या ने कहा कि नशा हमारी युवा पीढ़ी को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है, जिसका दुष्प्रभाव परिवारों और समाज दोनों पर पड़ता है। इसलिए हर व्यक्ति को नशा विरोधी इस अभियान में जुड़कर संकल्प लेना होगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "डीएवी संस्था समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए संकल्पित है। नशा रूपी राक्षस को समाप्त कर ही हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज का निर्माण कर सकते हैं।" प्राचार्या ने सभी अतिथियों, मंदिर समिति, पुलिस प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों और अभिभावकों का आभार जताया। नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गांव उगाला में आस्था का अद्भुत उत्सव शोभायात्रा के जयकारों से गूंज उठा गांव

- श्री जगन्नाथ सेवा मंडल द्वारा मूर्ति स्थापना कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव उगाला में श्री जगन्नाथ सेवा मंडल द्वारा आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ जी की मूर्ति स्थापना का भव्य एवं पावन समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने और जय श्री जगन्नाथ के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के अध्यक्ष अशोक मेहता ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका बराड़ा के चेयरमैन रजत मलिक और नगर पालिका शाहाबाद मारकंडा के चेयरमैन गुलशन कावतरा मौजूद रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय पंजाबी महासभा शाहाबाद के प्रधान शुभम साहनी, मोंटी अरोड़ा, नरेश चौधरी, नरेंद्र बुद्धिराजा, केशव बतरा, लाजपत राय, बलविंदर मनचंदा, नीतीश कुमार, भीम, आशीष, सोनू चौधरी और सनी चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।



बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को होगा: सी.जे.एम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। प्रवीण, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, इस कड़ी में आगामी 13 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है । लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, बिजली, पानी और पेंशन मामलों का निपटारा होगा।

### हेल्पडेस्क किए स्थापित

जिला न्यायालय में हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया है ताकि लोगों तक इसकी अधिक से अधिक जानकारी पहुंच सके और ज्यादा से ज्यादा लोग इस लोक अदालत का फायदा ले सकें। न्यायिक अधिकारी प्रवीण ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे स्थायी लोक अदालत मे लगाकर निपटाए जा सकते है। स्थायी लोक अदालत, ए.डी.आर. सैंटर अम्बाला में स्थापित है । उन्होंने यह भी बताया कि स्थायी लोक अदालत में लोक अदालत का आयोजन 11 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं- 0171-2532142 व 9991112660 तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

## चोरी के मामले में दो काबू, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद

**अंबाला।** आपरेशन हॉट स्पाट डोमिनेशन के तहत अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में 06 दिसम्बर 2025 को प्रबन्धक थाना महेश नगर निरीक्षक जितेन्द्र ढिल्लो व उनकी टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अमन कुमार निवासी गावँ सलारहेडी जिला अम्बाला व प्रदीप कुमार निवासी सुरक्षा विहार खुडडा खुर्द थाना महेशनगर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चौक श्री गुरु रविदास मंदिर के समीप बनाया किया गया निर्माण

# नाहरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर रविवार को गांव नाहरा में उनकी स्मृति में विकसित किए गए डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह चौक श्री गुरु रविदास मंदिर के समीप बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान चौक पर बाबा साहेब के नाम का बोर्ड लगाया गया और उपस्थित लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने दबे-कुचले, शोषित-वंचित वर्ग के अधिकारों को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं को भी सम्मान और अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा को अंबेडकर जी ने सामाजिक उत्थान का सबसे बड़ा माध्यम बताया था। शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का उनका संदेश आज भी हर पीढ़ी को मार्गदर्शन देता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस चौक पर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा और तस्वीर देखकर बच्चे शिक्षा के प्रति जागरूक होंगे और प्रेरणा प्राप्त करेंगे। बाबा साहेब द्वारा भारतीय संविधान निर्माण और हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को विशेष अधिकार दिलाने जैसे योगदानों को भी याद किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि समाजहित में उनके द्वारा किए गए बलिदान और संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में नंबरदार सुमेर सिंह, पूर्ण सिंह, बलिन्द्र कुमार, अमित सिंह, मोहित, जयकुमार, नरजीत, सत प्रकाश, गोपी, इशीमत, वंश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



बराड़ा। चौंक के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित ग्रामीण।